-प्रेस नोट-

दिनांकः- 16.10.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमें में वांछित 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 24.04.2024 को वादी मुदस्सिर पुत्र श्री कमर हसन निवासी शाहबिलायत नखासा बाजार जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा मण्डी समिति के पास से वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली मण्डी पर मु0अ0सं0-171/24 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीकृत कराया गया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में** पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिहं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **अरमान पुत्र जमशैद निवासी सरकडी खुमार थाना कोतवाली देहात सहारनपुर** को चिलकाना रोड पर मण्डी समिति के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने व मेरे दोस्त शाहवेज ने मिलकर अब से लगभग 06 महिने पहले मण्डी समिति रोड से मोटरसाईकिल चोरी की थी। मेरे दोस्त शाहवेज को आपने पहले पकड लिया था। जिसकी वजह से मै तब से फरार चल रहा था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अरमान पुत्र जमशैद निवासी सरकडी खुमार थाना कोतवाली देहात सहारनपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 109/24 धारा 414, 411 भा0द0वि0 थाना सरसावा सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।
2. है0का0 100 राहुल त्यागी थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 477 विनोद पवार थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 516 सोनू कुमार थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 16.10.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गंगोह पुलिस द्वारा स्नैचिंग (झपटमारी) के 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से छीना हुआ सामान बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 09.10.2024 को वादी मन्जीत पुत्र अशोक नि0 ग्राम टाबर थाना नकुड जिला सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत 03 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए झपटा मारकर बैग छीन लेने जिसमें वादी के कागजात व एक सैमसंग टैबलेट व एक एप्पल कम्पनी चार्जर होना आदि के सम्बन्ध में थाना गंगोह पर मु0अ0सं0- 454/24 धारा 115(2)/352/351(2)/304 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु दिशा-निर्देश दिए गये, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग में घटना का अनावरण करते हुए **अभियुक्त गण 1. छोटू पुत्र अजब सिंह नि0 ग्राम कुतुबखेडी थाना गंगोह जिला सहारनपुर 2. प्रदीप कुमार पुत्र राजीव कुमार नि0 ग्राम दूधला थाना गंगोह जिला सहारनपुर 3. अंकित कुमार पुत्र राजीव नि0 ग्राम दूधला थाना गंगोह जिला सहारनपुर** को मुखबिर की सूचना पर गंगोह नकुड रोड पर बिजली घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से छीने हुए 01 टैबलेट (सैमसंग), एक बैग रगं काला व ग्रे जिसके अन्दर 01 आई0 कार्ड, 01 स्टैपलर, 01 डायरी, सत्या माईक्रो कैपिटल लि0 कम्पनी से सम्बन्धित कागजात, 01 चार्जर एप्पल कम्पनी बरामद हुए। अभियुक्तगण के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग नशे करने के आदि है और नशे की लत पूरा करने के लिए हमारे द्वारा यह घटना की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. छोटू पुत्र अजब सिंह नि0 ग्राम कुतुबखेडी थाना गंगोह जिला सहारनपुर
2. प्रदीप कुमार पुत्र राजीव कुमार नि0 ग्राम दूधला थाना गंगोह जिला सहारनपुर
3. अंकित कुमार पुत्र राजीव नि0 ग्राम दूधला थाना गंगोह जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 टैबलेट (सैमसंग)
- 01 बैग रगं काला व ग्रे
- 01 आई0 कार्ड
- 01 स्टैपलर
- 01 डायरी
- सत्या माईक्रो कैपिटल लि0 कम्पनी से सम्बन्धित कागजात

- 01 चार्जर एप्पल कम्पनी

**अभियुक्त छोटू का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 454/24 धारा 115(2)/352/351(2)/304/317(2) बी.एन.एस

**अभियुक्त प्रदीप का आपराधिक इतिहासः-**

2. मु0अ0सं0 266/23 धारा 379/411 भादवि थाना गगोह जिला सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 454/24 धारा 115(2)/352/351(2)/304/317(2) बी.एन.एस

**अभियुक्त अंकित का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 101/19 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना गंगोह सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 154/23 धारा 323/325/504/506 भादवि थाना गंगोह सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 454/24 धारा 115(2)/352/351(2)/304/317(2) बी.एन.एस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 नीरज कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 विरेन्द्र कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
3. का0 326 रिंकू थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
4. का0 336 आमीन थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
5. का0 2452 रक्षित थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
6. का0 404 मनीष कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
7. का0 126 सविन थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

**दिनांकः 16.10.2024**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा होटल में रोटी पर थूक लगाकर रोटी बनाने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के एक होटल में एक व्यक्ति द्वारा थूक लगाकर रोटी बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसके सम्बन्ध में दिनांक 15/10/2024 को वादी श्री शक्ति राणा पुत्र श्री दिनेश पुण्डीर निवासी ग्राम कोल्की थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर तहरीर दी गयी जिसके आधार पर थाना कोत0नगर पर मु0अ0स0 254/24 धारा 196(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा उच्चाधिकारीगण को अवगत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16/10/2024 को वीडियो फुटेज में दिखायी दे रहे व्यक्ति **मैमेरूल अली पुत्र कल्टू शेख निवासी नयातुली दुबदुआर थाना रायगंज जिला उत्तरी दिनाजपुर पश्चिम बंगाल** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

मैमेरूल अली पुत्र कल्टू शेख निवासी नयातुली दुबदुआर थाना रायगंज जिला उत्तरी दिनाजपुर पश्चिम बंगाल।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. व0उ0नि0 भूपेन्द्र शर्मा थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर
2. कां0 2253 संजय थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर ।